संख्या–297जेड/6–सा–1–2013–4जी/12

प्रेषक,

चन्द्र भानु,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा मे,

जिलाधिकारी,
मऊ/सीतापुर/बलिया/पीलीभीत/सिद्धार्थ नगर/बिजनौर/
औरैया/मैनपुरी/आगरा/बाराबंकी/देवरिया/बागपत।

राजनैतिक पेंशन अनुभाग–1 लखनऊ : दिनांक: 08 मार्च, 2013

विषय :आपातकालीन अवधि (दिनांक–25.06.1975 से 21.03.1977 तक) में मीसा/डी0आई0आर0 में निरूद्ध प्रदेश के राजनैतिक बन्दियों/लोकतंत्र सेनानियों को वित्तीय वर्ष–2012–2013 में सम्मान राशि स्वीकृत किये जाने हेतु अतिरिक्त धनराशि का आवंटन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक–25.06.1975 से 21.03.1977 तक आपात कालीन अवधि में मीसा/डी0आई0आर0 में निरूद्ध रहे प्रदेश के राजनैतिक बन्दियों/लोकतत्र सेनानियों हेतु अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में आपके अनुरोध पर विचारोपरान्त पूर्व आदेशों के क्रम में श्री राज्यपाल महोदय चालू वित्तीय वर्ष 2012–2013 में सम्मान राशि दिये जाने हेतु कुल रू0 1,05,34,164=00 (रू0 एक करोड पॉच लाख चौंतीस हजार एक सौ चौसठ मात्र) की अतिरिक्त धनराशि आपके निवर्तन पर रखे जाने एवं व्यय करने की सहर्ष स्वीकृति निम्नवत प्रदान करते हैं:–

क0	जिले का नाम	धनराशि
1–	मऊ–	रू0 1,32,000/– (रू0 एक लाख बत्तीस हजार मात्र)
2–	सीतापुर–	रू0 3,85,164/– (रू0 तीन लाख पचासी हजार एक सौ चौंसठ मात्र)
3–	बलिया–	रू0 16,62,000/– (रू0 सोलह लाख बासठ हजार मात्र)
4–	पीलीभीत–	रू0 7,20,000/– (रू0 सात लाख बीस हजार मात्र)
5–	सिद्धार्थ नगर–	रू0 21,42,000/– (रू0 इक्कीस लाख बयालिस हजार मात्र)
6–	बिजनौर–	रू0 27,000/– (रू0 सत्ताईस हजार मात्र)
7–	औरैया–	रू0 4,14,000/– (रू0 चार लाख चौदह हजार मात्र)
8–	मैनपुरी–	रू0 14,76,000/– (रू0 चौदह लाख छिहत्तर हजार मात्र)
9–	आगरा–	रू0 24,48,000/– (रू0 चौबीस लाख अडतालिस हजार मात्र)
10–	बाराबंकी–	रू0 8,64,000/– (रू0 आठ लाख चौंसठ हजार मात्र)
11–	देवरिया	रू0 1,92,000/– (रू0 एक लाख बानबे हजार मात्र)
12–	बागपत–	रू0 72,000/– (रू0 बहत्तर हजार मात्र)
	योग–	रू0 1,05,34,164/–(रू0 एक करोड पॉच लाख चौंतीस हजार एक सौ चौसठ मात्र)

2– उक्त स्वीकृति इस शर्त के साथ दी जा रही है कि सम्बन्धित नियमावली में विद्यमान नियमों के अनुरूप सभी औपचारिकतायें पूर्ण करने के उपरान्त नियमावली से आच्छादित होने पर ही लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान राशि प्रदान की जाय। शेष शर्तें शासनादेश दिनांक 26.10.2012, 24.01.2013 एवं 26.02.2013 के अनुसार यथावत रहेंगी। सम्मान राशि वितरित करने के उपरान्त अवशेष धनराशि निदेशक/सचिव उ0प्र0 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कल्याण परिषद, लखनऊ/शासन को दिनांक 20.03.2013 तक अवश्य समर्पित कर दिया जाय।

3– उपर्युक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2012–13 के आय-व्यय के अनुदान संख्या–28 के लेखा शीर्षक–"2235–सामाजिक सुरक्षा तथा [illegible] आयोजनेत्तर–60–अन्य सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण कार्यक्रम 800 [illegible] व्यय–03–आपात कालीन अवधि में मीसा एवं डी0आई0आर0 में बन्द [illegible] राजनैतिक बन्दियों को सम्मान राशि का भुगतान–42–अन्य व्यय" के अन्तर्गत [illegible] मदों के नामे डाला आयेगा ।

भवदीय,

(चन्द्र भानु)
सचिव।

संख्या-207(1)जेड/6–सा–1–2013–तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– महालेखाकार (लेखा परीक्षा) उ0प्र0, इलाहाबाद।
2– प्रधान महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3– वरिष्ठ आडिट आफीसर (आडिट–प्लानिंग) कार्यालय महालेखाकार (लेखा परीक्षा) [illegible] सत्यानिष्ठा भवन, 15–थार्नहिल रोड, इलाहाबाद।
4– सम्बन्धित मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
5– कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6– संबंधित जनपदों के कोषाधिकारी।
7– निदेशक/सचिव, उत्तर प्रदेश, स्वतंत्रता सेनानी कल्याण परिषद, लखनऊ।
8– निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
9– वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–1
10– वित्त (व्यय–नियंत्रण) अनुभाग–12
11– इन्चार्ज एन0आई0सी0 नेट सेल, नवीन भवन, उ0प्र0 सचिवालय, लखनऊ।
12– बजट सहायक/गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(अखिलेश चन्द्र गुप्ता)
उप सचिव।